तापमान
अधिकतम 35.6 डिग्री
न्यूनतम 11.1 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 22 मार्च 2025

9 सबसे ज्यादा एमएसपी पर फसल खरीदने वाला राज्य...



10 होलसेल कपड़ा मार्केट के 250 करोड़ डूबे बॉर्डर खुलने ..



## खबर संक्षेप

### बिना ई-रवाना बिल के तीन वाहन किए जब्त

**करनाल।** हरियाणा सरकार अवैध खनन के खिलाफ कड़े कदम उठा रही है और खनन विभाग भी लगातार इस पर नजर बनाए हुए है। जिला के खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि गत दिवस एचएसईएनबी के स्टाफ एएसआई पवन व हेड कांस्टेबल परविंद्र द्वारा चेकिंग के दौरान मटक माजरी रोड इंद्री, सिविल अस्पताल के पीछे से दो ओवरलोडेड ट्रक व एक ट्रक बिना ई-रवाना बिल के पकड़ा गया। इन वाहनों को थाना पुलिस लाईन में खड़ा करके विभाग की टीम द्वारा सीज कर दिया गया।



### 7 बच्चों को बाल श्रम के चंगुल से मुक्त कराया

**पानीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं न्यायिक दंडाधिकारी मीनू के दिशानिर्देशानुसार गैर सरकारी संस्था एमडीडी ऑफ इंडिया ने स्टेट क्राइम ब्रांच, शिक्षा विभाग, बाल कल्याण समिति, जिला कल्याण विभाग, पुलिस विभाग और ब्रेकथ्रू संस्था के सहयोग से बाल श्रम और बच्चों से भिक्षावृत्ति के खिलाफ शिक्षा का हक नई राह नई पहचान अभियान चलाकर असंध रोड मार्केट से 7 बच्चों को बाल श्रम के चंगुल से मुक्त कराया गया। वहीं बाल श्रम और बाल भिक्षावृत्ति के खिलाफ एक जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें बस्तियों और बाजार में रैली निकाली गई और दुकानों पर काम कर रहे 8 से 14 साल की उम्र के 7 बच्चों को मुक्त करवाकर बाल कल्याण समिति में पेश किया गया।

जगाधरी की दुर्गा गार्डन कॉलोनी में वारदात

# कर्ज से परेशान व्यक्ति ने बाथरूम में चुन्नी से फंदा लगाकर की आत्महत्या

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया
- पत्नी व बच्चों के साथ जगाधरी की दुर्गा गार्डन कॉलोनी में किराए के मकान में रहता था मृतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी की दुर्गा गार्डन कॉलोनी में कर्ज के चलते मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति ने घर के बाथरूम में चुन्नी से फंदा लेकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची व



शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार दुर्गा गार्डन निवासी विनीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने पति विकास के साथ 14 साल से कॉलोनी में किराए के मकान में रहती है। उसका पति बर्तनों की फैक्ट्री में मिस्त्री का काम करता था। उसने कई जगह से ऋण लिया हुआ था और कर्जा अधिक हो गया था। वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था। उसके पति का मोबाइल फोन भी खो गया था। वीरवार की रात को वह बच्चों के साथ खाना खाकर सो गई। इस दौरान उसका पति टीवी देख रहा था। सुबह जब वह उठी तो बाथरूम में गई। मगर अंदर से बाथरूम का दरवाजा बंद था। उसने अपने पति को काफी आवाजें लगाई। मगर अंदर से कोई उत्तर नहीं मिला। इसके बाद उसने पड़ोसियों को बुलाया और बाथरूम के दरवाजे को तोड़ा। उसने देखा कि उसका पति चुन्नी से लटका हुआ है। उसने अपने पति को नीचे उतारा और उसे अस्पताल लेकर गई। जहां पर डॉक्टरों ने उसके पति को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी।

**परिजन ने किसी पर शक नहीं जताया**

परिजन ने किसी पर कोई शक या आरोप नहीं लगाया है। मामले में बीएनएसएस 194 के तहत कार्रवाई की गई है। -इम्तियाज अली, जांच अधिकारी, अर्जुन नगर चौकी

# करनाल में सरस्वती कुटिया के पुजारी ने युवाओं को विदेश भेजने के नाम पर 22 लाख हड़पे, फरार

- आरोपी 12 साल से सरस्वती कुटिया में रहकर पंडिताई का कर रहा था काम, पुलिस आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर शुरू की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

थाना छप्पर क्षेत्र के गांव दौलपुर मालियान स्थित सरस्वती कुटिया में पूजा पाठ करने वाले देवेंद्र पुरी गोस्वामी युवाओं से विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये हड़प कर फरार हो गया। आरोपी मूल रूप से मध्यप्रदेश के गांव कुटरावली का रहने वाला है। वह पिछले 12 साल से गांव दौलतपुर स्थित सरस्वती कुटिया में पंडिताई का काम कर रहा था। आरोपी ने कुटिया ने पूजा पाठ करने आने वाले लोगों को अपने जाल में फंसा लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। आरोपी के खिलाफ थाना छप्पर में आधा दर्जन मामले दर्ज हो चुके हैं। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। गांव सारन निवासी जयचंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव दौलतपुर मालियान की सरस्वती कुटिया में पूजा अर्चना करने के लिए जाते रहते थे। जहां पर उनकी मुलाकात कुटिया में रहने वाले पंडित देवेंद्र पुरी गोस्वामी के साथ हो गई। आरोपी ने उसे बताया कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। अगर उनकी नजर में ऐसा कोई युवक हो जो विदेश जाना चाहे उसे बता देना। वह उसे विदेश भेज देगा। उसने आरोपी पर विश्वास करके अपने लड़के रवि सैनी व पुत्रवधू काजल के बारे में बात की। आरोपी ने उसे कहा कि वह दोनों को आस्ट्रेलिया भेज देगा। जिसके लिए करीब छह लाख रुपये का खर्च आएगा। उसने आरोपी पर विश्वास करके उसे अपने बेटे व पुत्रवधू के पासपोर्ट, अन्य दस्तावेज तथा पांच लाख 75 हजार रुपये दे दिए।

सरसों की पहली फसल 5950 एमएसपी मूल्य पर खरीदी गई

# कृषि मंत्री ने रादौर अनाज मंडी में सरसों की खरीद कार्य का जायजा लिया

- आढ़तियों ने बुके देकर कृषि मंत्री का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**यमुनानगर।** रादौर अनाजमंडी में सरसों की फसल की खरीद का शुभारंभ करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

अनाजमंडी रादौर में शुक्रवार को पहली बार सरसों की सरकारी खरीद का कार्य शुरू किया गया। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने सरसों की फसल खरीद का शुभारंभ कर किसानों को बड़ी सौगात दी। अनाजमंडी संरक्षक मान सिंह आर्य व सुशील बत्रा की देखरेख में आयोजित किए गए कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का मंडी के आढ़तियों ने बुके भेंट कर जोरदार स्वागत किया। नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन भारत सरकार मैनेजर रेखा मिश्रा ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को पौधा भेंटकर सम्मानित किया। अनाजमंडी में पहली सरसों की फसल किसान यशपाल गांव चमरोडी व प्रेम सिंह निवासी जुब्बल की खरीदी गई। सरसों की पहली फसल 5950 एमएसपी मूल्य पर खरीदी गई। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि सरकारी खरीद का कार्य 15 मार्च से शुरू कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने किसानों की समस्याओं को दूर करने व मांगों को पूरा करने में पूरा सहयोग किया है।

# रादौर: तीन वाहनों की भयंकर टक्कर में ट्रैक्टर-टाली चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**यमुनानगर।** रादौर में सड़क दुघर्टना के बाद क्रेन से क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर को उठवाते पुलिस कर्मचारी।

गांव छोटाबांस स्थित श्रीराम विचार वाटिका के पास शुक्रवार सुबह तीन वाहनों की आपसी भयंकर टक्कर में एक ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। जबकि ट्रैक्टर पर सवार दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। सूचना मिलने पर रादौर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। सड़क दुर्घटना के कारण एसके रोड पर दोनों ओर लंबी लंबी लाइने लगने से राहगीरों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। लगभग एक घंटा जाम लगने के बाद पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से सड़क से दूर कर जाम को खुलवाया। पुलिस ने मृतक ट्रैक्टर चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामला दर्ज कर लिया। शुक्रवार छोटाबांस में एसके रोड पर श्रीराम विचार वाटिका के पास एक ट्राला चालक ने लापरवाही व तेज गति से चलते हुए एक ट्रैक्टर-ट्राली को जोरदार साइड मार दी। दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक शीशपाल निवासी गांव बाता कैथल की मौके पर ही मौत हो गई।



## खबर संक्षेप

### मानसून से पहले करें नालों की सफाई

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने आगामी मानसून सीजन को देखते हुए निगम अभियंतओं को एक आदेश जारी कर कहा कि शहर के सभी बड़े नाले, मुगल कैनाल (कर्ण कैनाल), ड्रेन नम्बर-1, तथा मध्यम व छोटे नालों की साफ-सफाई का कार्य शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित स्टोरम वाटर डिस्पोजल पम्प की मरम्मत इत्यादि कार्य भी समय रहते शुरू करवाए जाएं।

### मंत्री ने किया अनाज मंडी का निरीक्षण

**घरौंडा।** कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने करनाल जिले की कई अनाज मंडियों का दौरा कर सरसों की खरीद का जायजा लिया। किसानों से बातचीत करते हुए राणा ने सरसों बेचने में सामने आई परेशानियों के बारे में पूछा और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए । घरौंडा मंडी में पहुंचें कृषि मंत्री ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल को लेकर बड़ा निर्देश दिया ।

### राष्ट्रीय एनीमिया दिवस धूमधाम से मनाया

**घरौंडा।** ग्राम कालरों में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ सतपाल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय एनीमिया दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर एक कैंप का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ धर्मवीर , डॉ शीतल व डॉ अजय ने दीप प्रज्वलन से की। कैंप में 164 मरीजों की जांच की गई। वह साथ ही दवाइयां भी फ्री उपलब्ध करवाई गई।.इसके अलावा योग सहायक प्रियंका अनुराधा व अजय ने योगा के बारे में मरीजों को बताते हुए अभ्यास भी करवाया। कैंप में आए मरीजों की बीपी व शुगर की भी जांच की गई।

### एनएसएस कैंप में दी छात्रों को विशेष जानकारी

**घरौंडा।** राजकीय महिला महाविद्यालय बसताड़ा में प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह बागी , कार्यवाहक प्राचार्य नरेश सिंह के कुशल मार्गदर्शन व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनुराधा के संयोजन में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया ।जिसका मुख्य विषय रहा प्लास्टिक मुक्त परिसर व सोशल मीडिया के प्रति जागरूकता । प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह बागी ने इस अवसर पर संदेश देते हुए कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए बल्कि पर्यावरण और देश के समग्र विकास के लिए भी आवश्यक है। कार्यवाहक प्राचार्य नरेश सिंह ने छात्राओं को बताया कि देश के प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए।

## नव दंपत्ति को आशीर्वाद देने पहुंची राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी

# राजसी अंदाज में हुआ अमानत और कार्तिकेय का आशीर्वाद समारोह

अमानत लिबर्टी शूज घराने की बेटी, कार्तिकिय देश के सबसे सशक्त राजनेता शिवराज चौहान के हैं पुत्र




धर्मेंद्र खुराना ▶▶| करनाल

देश की सबसे खूबसूरत जोड़ी का जिस तरह से देश मे अपनी तरह के सबसे भव्य राजसी समारोह में गठबंधन हुआ वहीं इस महत्वपूर्ण दंपत्ति को आशीर्वाद देने के लिए देश के राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्रह मंत्री अमित शाह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पीयूष गोयल के साथ पूरे भारत की सरकार देश के जाने माने उद्योगपति तथा राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री तथा देश की सर्वोच्च धार्मिक सत्ता के प्रतिनिधि पहुंचे। अवसर था देश के जानमाने राजनेता तथा मध्यप्रदेश कें तीन दशक तक मुख्यमंत्री रहे कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय तथा देश ही नहीं इंटरनैशनल क्षितिज पर चमकता हुआ सितारा लिबर्टी शूज के एमडी शम्मी बंसल के भाई अनुपम बंसल की पुत्री अमानत बंसल के आशीर्वाद समारोह का था। यहां पर लिबर्टी घराने की बेटी और कृषि मत्री शिवराज सिंह चौहान की पुत्रबधू के शाही अंदाज ने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा। उनका परिधान अत्यंत आकर्षक था। यहां उल्लेखनीय है कि कार्तिकेय सिंह की पत्नी तथा लिबर्टी परिवार की बेटी अमानत ने आक्सफोर्ड यूनीवर्सिटी से साइकोलोजी से एमएससी कर चुकी हैं। वह एक भतनाट्यम डांसर भी है। इस अवसर पर देश के जाने माने उद्योगपति गौतम अडानी, हरियाणा के पूर्व सीएम तथा केदींय मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी, राज्यपाल बडारू दत्तात्रेय, लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला, योग गुरु रामदेव जी के साथ कई संत महात्मा पहुंचे हुए थे। देश में अपनी तरह के पहली बार राजसी अंदाज में हुए आशीर्वाद समारोह राजधानी दिल्ली के एयर फोर्स आडीटोरियम तथा लान में आयोजित किया गया। इस समारोह में नव दंपत्ति को आशीर्वाद देने के लिए विपक्ष के नेता राहुल गांधी कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रिंयका गांधी मल्लिकार्जुन खाडग़े, पूर्व सीएम कमलनाथ भाजपा के प्रमुख जेपी नड्डा सहित बड़े विपक्ष के राजनेता सांसद अभिनेता संगीत कार गीतकार साहित्यकार तथा लोककलाकार भी पहुंचे थे। इस राजसी अंदाज में हुए आशीर्वाद समारोह में नव दंपत्ति राजसी अंदाज में दिखाई दिए।

### गठबंधन समारोह हुआ था जोधपुर में

: लिबर्टी शूज के एमडी शम्मी बंसल के भाई तथा डायरेक्टर अनुपम बंसल की पुत्री अमानत बंसल की तथा मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम तथा देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह जोधपुर के ऐतिहासिक महल उम्मेद पैलेस में शाही अंदाज में विवाह गठबंधन में बंधे। देश की यह अपनी तरह की शादी थी। जो राजसी अंदाज में हुई। लिबर्टी परिवार में सुनील बंसल, शम्मी बंसल, रमन बंसल , अनुपम बंसल सहित सभी परिजन इस ऐतिहासिक पलों को अपनी आंखों में समेटे हुए हैं। बुधनी और करनाल में काफी समानताएं हैं। दोनों ही महाभारत कालीन भूमि रहीं हैं।



## मांगे नहीं मानी तो प्रदेश में बिजली गुल कर देंगे : नागर

- ठेकेदार कर रहा है बिजली और सफाई कर्मचारियों का शोषण
- पानीपत में भ्रष्टाचार के आरोपी जेई पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के प्रांतीय महासचिव आर के नागर ने कहा है कि यदि प्रदेश के ठेके पर लगे बिजल कर्मचारियों को नियमित नहीं किया गया तो 16 जून को प्रदेश भर में बिजली सप्लाई ठप कर देंगे। उन्होंने बताया कि इनमें से अधिकतर कर्मचारी जौखिम भरा हुआ कम करते हैं। इन कर्मचारियों को ठेकेदार केवल नौ हजार रुपए प्रतिमाह वेतन दे रहा हैं। उन्होंने कहा कि इन कर्मचारियों से अधिक वेतन तो एचआरकेएम में मिल रहा हैं। वह पंचकु ला में कर्मचारियों की सभा में बोल रहे थे। राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि बिजली कर्मचारियों के साथ हुडा के कर्मचारियों के साथ अन्याय हो राहा हैं। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। कई जिलों मे नगरनिगम के साथ करनाल के स्वासथ्य विभाग तथा कल्पना चावला मैडीकल कालेज में सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा हैं। उन्होंने बताया कि पानीपत में जेई कुलदीप कुमार ने 35 एकड़ू के आम के बगीचे में सौ से अधिक पेड़ कटवा कर खुर्द बुर्द करवा दिए।

## शहर की दो अवैध कॉलोनियों पर चला प्रशासन का पीला पंजा

प्रशासन की कार्रवाई से मची खलबली

हरिभूमि न्यूज करनाल



जिला नगर योजनाकार सतीश कुमार ने बताया कि करनाल शहरी क्षेत्र में गांव छपरा खेड़ा में दो अवैध कालोनियों के विरुद्ध तोडफोड की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि पहली अवैध कालौनी जो कि लगभग 2.75 एकड़ में उत्तम नगर के पीछे काटी जा रही थी। जिसमें एक मकान, 2 निर्माणाधीन मकान, सभी कच्ची सडक़ो व 15 डी.पी.सी. को ध्वस्त किया गया है। इसी प्रकार दुसरी अवैध कालोनी जो कि लगभग 2 एकड़ में गांव छपरा खेड़ा के पास काटी जा रही थी। जिसमें 1 निर्माणाधीन मकान, सभी कच्ची सडक़ो व 5 डी.पी.सी को ध्वस्त किया गया है।

कार्यवाही के दौरान जिला नगर योजनाकार व कार्यालय की टीम मौके उपस्थित रही। इसके अतिरिक्त जिला नगर योजनाकार ने लोगो से अपील की कि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में कोई निर्माण नहीं करें अन्यथा कार्यालय द्वारा तोड़फोड़ की कार्यवाही मध्यनजर रखते हुए अवैध निर्माणो के विरूद्ध कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। इसके अतिरिक्त थाना सदर करनाल की पुलिस फोर्स व ड्यूटी मजिस्ट्रेट मौके पर उपस्थित रहे।

## कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने अनाज मंडी का किया औचक निरीक्षण

सरसों की फसल खरीद का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



फोटो कैप्शन इंद्री 3 इंद्री अनाज मंडी मे सरसों की फसल खरीद का जायजा लेते कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ।

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने शुक्रवार को इंद्री अनाज मंडी का औचक निरीक्षण कर सरसों की फसल खरीद का जायजा लिया। कृषि मंत्री ने आढ़तियों से सरसों की फसल के उठान एवं बारदाने के अलावा उनकी समस्याओं के बारे जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश की किसानों व आढ़तियों किसी प्रकार की समस्या है तो उन्हें बताए ताकि समस्या का शीघ्र समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार ने वर्ष 2025-2026 का बजट हर वर्ग के ध्यान को रखकर बनाया है।

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने अनाज मंडी से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आढ़तियों एवं किसानों को किसी प्रकार की समस्या न होने दें और यदि किसी प्रकार की कोई समस्या है तो उस समस्या का तुरन्त समाधान करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसान हितैषी है और किसानों को मंडियों में अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न आए इस पर सरकार का पूरा ध्यान केन्द्रित है। उन्होंने कहा कि सरसों की फसल की जल्द खरीद करने की मांग को उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष रखा, जिस पर मुख्यमंत्री ने इस मांग को पूरा करते हुए 15 मार्च से मंडियों में सरसों की फसल खरीद करने के आदेश जारी कर दिए थे। प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास नीति पर कार्य करते हुए हर वर्ग को साथ लेकर चल रही है।

## दीक्षांत समारोह में छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



डी ए वी पुलिस पब्लिक स्कूल मधुबन में आज पूर्व प्राथमिक दीक्षांत समारोह मनाया गया। जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी पूर्व प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने और अगली कक्षा में प्रविष्ट होने की खुशी मनाई। कार्यक्रम में सुरेंद्र बेनीवाल, अरुण वर्मा, डॉ शिव प्रकाश, ममता पांडे, अंजना पांडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्वलित करके विधिवत की गई। प्रधानाचार्य ल मंतोष पाल सिंह ने सभी अतिथियों एवं वहां उपस्थित अभिभावकों का स्वागत किया।समारोह में यूकेजी व दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों को कन्वोकेशन ड्रेस में डिग्रियाँ प्रदान की गई। कार्यक्रम में किंडर गार्डन के सभी बच्चों ने नृत्य और गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जिसमें विभिन्न गानों पर वे जमकर थिरके। 'सोशल मीडिया का उचित प्रयोग' विषय पर एक छोटी सी प्रस्तुति के द्वारा बच्चों ने अपने अभिभावकों को सोशल मीडिया कम से कम प्रयोग करने और अधिक से अधिक समय बच्चों के साथ बिताने का संदेश दिया। इस प्रस्तुति ने सभी अभिभावकों को भाव विभोर कर दिया। समारोह के अंत में प्रधानाचार्य मंतोषपाल सिंह ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी नन्हे मुन्हें बच्चों का, उनके अभिभावकों का धन्यवाद किया और कहा कि पूर्व प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के सर्वोत्तम विकास की नींव होती है।

## एक्शन मोड में विधायकः खाद्य आपूर्ति विभाग का औचक निरीक्षण, दिए सख्त दिशा-निर्देश

- खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



### हर नए निर्माण कार्य पर लिखी जाएगी जानकारी

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल की नवनियुक्त मेयर रेनू बाला गुप्ता जल्द कार्यभार संभाल लेंगी। उनके कार्यभार संभालते ही अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। उन्होंने कहा कि अब नगर निगम के अंतर्गत कहीं भी कोई निर्माण या विकास कार्य शुरू होगा वहां उस प्रोजेक्ट का नाम, प्रोजेक्ट की अनुमानित राशि, प्रोजेक्ट के पूरे होने की अनुमानित तारीख व टेंडर किसे दिया गया है, उस ठेकेदार का नाम व संबंधित अधिकारी का मोबाइल नंबर अंकित किया जाएगा।

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद एक्शन मोड में नजर आए। शुक्रवार को उन्होंने खाद्य आपूर्ति विभाग में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि भ्रष्टाचार और अनियमितता कतई बर्दास्त नहीं की जाएगी। ऐसा करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त से सख्त कार्वाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो जोलरेंस पॉलिसी पर चल रही है। दागी अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। विधायक जगमोहन आनंद खाद्य आपूर्ति विभाग के कार्यालय में पहुंचे। यहां उन्होंने अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने डिपो होल्डर की समस्याओं और आगामी गेहूं खरीद के सीजन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता को किसी तरह की परेशानी नहीं आनी चाहिए। कोई अधिकारी यदि भ्रष्टाचार करता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने डिपो होल्डर की समस्याओं पर भी अधिकारियों से जवाब लिए। बैठक में अधिकारियों और कर्मचारियों को साफ़ तौर पर निर्देश दिए कि सभी अपने कार्य को पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करें। कोई भी प्रकार की लापरवाही एवं शिकायत को कतई स्वीकार नहीं किया जायेगा।

इस मोके पर जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी अनिल कुमार सहित विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-14, करनाल में आज को सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम दिन के मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रेखा त्यागी और विशिष्ट अतिथि गण डॉ सुरेंद्र नागिया, डॉ कमलेश, डॉ सुभाष जागलान, डॉ सरिता आर्या रहे। सर्वप्रथम अतिथि गणों का स्वागत किया गया और सभी अतिथि गणों ने मिलकर दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। प्राचार्या ने स्वयंसेवकों को शिविर के आयोजन की बधाई दी और एन एस एस और उसके शिविर के विषय में बताया। इसके पश्चात सभी अतिथि गणों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए और एन एस एस लक्ष्य गीत गाया गया।

## रक्तदान शिविर में हुआ 157 यूनिट रक्त एकत्रित



**इंद्री।** मैहता पैलेस इंद्री मे निफा की इंद्री शाखा द्वारा शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे संवेदना 2 अभियान के तहत आयोजित रक्तदान शिविर में 157 यूनिट रक्तदान हुआ। इस रक्तदान शिविर में हरियाणा कांबोज सभा, शहीद उधम सिंह समिति, विश्व हिंदू परिषद, भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन, का योगदान रहा। शिविर की शुरुआत नगर पालिका चेयरमैन राकेश पाल ने की व पूर्व मंत्री भीम सैन मैहता व समाजसेवी ओम प्रकाश अरोड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। निफा प्रदेशाध्यक्ष श्रवण शर्मा ने बताया कि संवेदना 2 अभियान में 16 मार्च से 30 मार्च तक पूरे देश में 2400 रक्तदान शिविर लगाकर डेढ़ लाख यूनिट रक्तदान कराने का संकल्प लिया गया है जिसमे पूरे देश से सभी समाजसेवी संस्थाओं व रक्तदाताओं का सहयोग मिल रहा है। पूर्व मंत्री भीम सैन मेहता व समाज सेवी ओम प्रकाश अरोड़ा ने रक्तदान के महत्व को बताते हुए इसे जरूरतमंदों व थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के जीवनदान बताया ।

## विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सांग जैसी विधा का मंचन जरूरी : डॉ विवेक चावला

- सांग हरियाणवी संस्कृति की जीवन रेखा : रामपाल सैनी
- आर्य पीजी कॉलेज पानीपत की टीम ने सांग महोत्सव के अंतिम दिन दी नौरत्न के किस्से की भावविभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



डीएवी पीजी कॉलेज करनाल में चल रहे चार दिवसीय सांग महोत्सव के समापन पर अंतिम दिन आर्य पीजी कॉलेज पानीपत की टीम ने राजा नौरत्न के किस्से की प्रस्तुति के दौरान देकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। अपनी प्रस्तुति में विद्यार्थियों ने सुनाया कि सभंल शहर में महाराज देवदत्त राज किया करते थे। राजा की तीन रानियों से उनको कोई भी संतान पैदा नहीं हुई। बाद में किसी की सलाह पर राजा ने संतान प्राप्ति हेतु अश्वमेघ यज्ञ करवाया। इसके फलस्वरूप बड़ी रानी फुलकंवर पुत्र को जन्म देती है। इस सांग मे अनेकों रोमांचित घटनाओं का वर्णन कर आर्य पीजी कॉलेज पानीपत की टीम ने आये हुए सभी दर्शकों को मंत्र-मुग्ध कर दिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रोफेसर विवेक चावला ने शिरकत करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र का सांस्कृतिक एवं युवा कार्यक्रम विभाग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा प्रयासरत है। उसी विधा में सांग को लोकप्रिय बनाने के लिए विद्यार्थियों को सांग की कला के साथ जोडऩा हमारा उद्देश्य है। कार्यक्रम में डॉ हरविंदर राणा ने जंगम जोगी के भजन की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

## कार्यक्रम अभियोजन विभाग के तत्वावधान में आयोजित हुआ

# हरियाणा पुलिस अकादमी में लोक अभियोजकों के लिए तीन नए आपराधिक कानूनों पर प्रशिक्षण हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** हरियाणा पुलिस अकादमी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों का अकादमी के पुलिस महानिरीक्षक वाई पूरन कुमार के साथ समूह चित्र।

हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के डॉ एस राधाकृष्णन सम्मेलन कक्ष में 'तीन नये अपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023' विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अभियोजन विभाग हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ अरशिन्दर सिंह चावला, निदेशक, हरियाणा पुलिस अकादमी के निर्देश पर डा. सोहन सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश की विभिन्न इकाइयों से प्रशिक्षण पर आए 28 लोक अभियोजक अधिकारियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि ने लोक अभियोजन अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस बात को आप सदैव याद रखें कि आप भी अपराधिक न्याय प्रणाली के अभिन्न अंग हैं, हर तथ्य न्याय संगत हों इसमें अभियोजन पक्ष की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। हमारा ध्येय होना चाहिए कि हर केस में ऐसी सशक्त पैरवी करें कि पंक्ति के अन्तिम जन तक न्याय पहुंच सके। यदि आपके सकारात्मक प्रयासों से एक पीड़ित को न्याय मिलता है तो यह हमारे विभाग के लिए श्रेष्ठ उपलब्धि होगी। वैसे तो आप सभी ज्ञान से भरपूर हैं, ज्ञान को जितना दूसरों के साथ सांझा करोगे यह उतना ही बढेगा और सीखने की कोई उम्र नहीं होती। यदि कानून को आप औपचारिकता से नहीं बल्कि आत्मीयता से पढ़ेंगे तो आपके विचारों को नईं दिशा मिलेगी। किसी भी विषयवस्तु का सीखने के लिए लगन और आत्मविश्वास का होना अनिवार्य है। मुझे मालूम हुआ है कि इस कोर्स में कुछ अभियोजन अधिकारियों की तैनाती कोर्ट में नहीं है बल्कि कार्यालयों में है, मैं यहां विशेष तौर पर कहना चाहूंगा कि कानूनी ज्ञान हर नागरिक के लिए आवश्यक है। सरकारी विभाग में तैनाती निश्चित नहीं है, इसमें विभाग आपसे किसी भी फिल्ड में सेवा ले सकता है। प्राप्त किया गया ज्ञान निरर्थक नहीं जाता,जीवन में कभी न कभी काम अवश्य आता है, जबकि आपका तो आधार कानून ही है। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के लिए अकादमी के निदेशक डॉ अरशिन्दर सिंह चावला,अकादमी के पुलिस महानिरीक्षक वाई पूरन कुमार तथा अभियोजन विभाग हरियाणा का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 24 को

**पानीपत।** सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार 24 मार्च को प्रातः 11 बजे जिला सचिवालय के द्वितीय तल सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने दी।

### एसडी कालेज विकसित भारत युवा संसद कल से

**पानीपत।** एसडी पीजी कॉलेज में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, राष्ट्रीय सेवा योजना और नेहरु युवा केंद्र संगठन नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय विकसित भारत युवा संसद 2025 का आयोजन कल से होगा। युवा संसद में अतिविशिष्ट मेहमान डॉ. अर्चना गुप्ता प्रदेश महामंत्री भाजपा हरियाणा, कोमल सैनी महापौर, दुष्यंत भट्ट भाजपा जिला अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा होंगे।

### हरे कृष्णा महामंत्र की गूंज से गूंजा गेट नंबर 4 का क्षेत्र

**पानीपत।** अंसल गेट नंबर 4 के समीप आज इस्कॉन अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ द्वारा एक भव्य संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और श्हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे रामए राम राम हरे हरे महामंत्र का सामूहिक जाप किया। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र मंदिर के उपाध्यक्ष श्रीमान मोहन गौर चंद्र प्रभुजी भी उपस्थिति रहे।

### कर्मचारियों को मकान देने का किया स्वागत

**पानीपत।** नार्थ इंडिया एंटी करपशन एण्ड क्राइम प्रीवेंशन आग्रेनाईजेशन की एक बैठक आज लतीफ गार्डन स्थित कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक की अध्यक्षता में हुई। जिसमें राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों को रहने के लिए पक्के मकानों की सौगात देने के निर्णय का स्वागत किया गया। वहीं बैठक में यशपाल

### आईबी कालेज में प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता आयोजित

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गणित विभाग द्वारा बीएबीएससी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्रेजेंटेशन ऑन श्रेयिरस टॉपिक्स ऑफ मैथमेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता डॉ.पूनम गुप्ता द्वारा आयोजित की गई। प्रधानाचार्या डॉ.शशि प्रभा ने छात्रों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी प्रतिभा निखर कर आती है तथा छात्रों को विभिन्न विषयों पर प्रभावशाली और संवेदनात्मक तरीके से अपनी प्रस्तुति देने का अवसर मिलता है।

### शरीदी दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आज

**पानीपत।** आवामी एकता मंच हरियाणा, हिंद मजदूर सभा और थिएटर आर्ट गुरप द्वारा शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव शहादत दिवस की पूर्वसंध्या पर 22 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन।

# दो दोस्तों की चाकू से गोदकर हत्या करने के दो आरोपियों को पुलिस ने 72 घंटे में किया गिरफ्तार, कहासुनीं की रंजिश रखते हुए हत्या की

एसपी ने घटना स्थल का मुआयना कर आरोपियों की धरपकड़ के लिए चार टीमें गठित की थी

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

नूरवाला की जसबीर कॉलोनी में बीते 18 मार्च मंगलवार की रात दो दोस्तों की चाकू से गोदकर हत्या करने के दो आरोपियों को पुलिस ने वारदात के महज 72 घंटे के दौरान शुक्रवार को चौटाला रोड पर सेक्टर 29 कट से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपियों की पहचान गौरव उर्फ जलेबी व हरदीप उर्फ हैप्पी निवासी जसबीर कॉलोनी नूरवाला के रूप में हुई। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने आज जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि डबल मर्डर के आरोपियों को जल्द से जल्द काबू करने के लिए उन्होंने पुलिस की चार टीमें गठीत की थी। सभी टीमें आरोपियों की धरपकड़ में जुटी हुई थी।

सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार की टीम ने शुक्रवार को मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर हत्या के दो आरोपियों को चौटाला रोड से काबू करने में सफलता हासिल की है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने कहासुनीं की रंजिश रखते हुए हत्या की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया उनकी करीब बीस पच्चीस दिन पहले किसी बात को लेकर कॉलोनी निवासी सूरजए नीरज व इनके साथियों के साथ कहासुनी हुई थी। इसके बाद होली के दिन भी उनकी कहासुनी हो गई। दोनों आरोपियों ने कहासुनी की रंजिश रखते हत्या की साजिश रची। 18 मार्च की रात सूरज व नीरज कॉलोनी में एक खाली प्लाट में बैठे हुए थे।

इसकी जानकारी मिलते ही दोनों आरोपी चाकू लेकर वहा पहुंचे और नीरज व सूरज पर चाकू के हमला कर दोनों की हत्या कर मौके से भाग गए थे।

**शनिवार को दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा**



*पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा शनिवार को दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। जहा से पुलिस दोनों आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ करने के साथ ही वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद करने का प्रयास करेंगी।*

**यह है मामला**

थाना तहसील कैंप में विनोद पुत्र वेद प्रकाश निवासी जसबीर कॉलोनी नूरवाला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका लडक़ा नीरज 18 कॉलोनी निवासी अपने दोस्त सूरज के साथ 18 मार्च मंगलवार की रात करीब 9 बजे घूमने के लिए निकले थे। रात करीब साढ़े 9 बजे बेटे नीरज के फ ोन से उसके पास काल आई। फोन करने वाले वाले ने कहा कि नीरज को काफ ी चोट लगी हैए वह जसबीर कॉलोनी में खाली जगह में पड़ा है। सूचना मिलते ही वह परिवार के साथ मौके पर पहुंचा तो डायल 112 पुलिस टीम आ चुकी थी। उसने नीरज को अस्पताल पहुंचाया। जहा डाक्टरों ने चेक कर नीरज को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में उसे पता चला की इससे पहले सूरज भी घायल अवस्था में हस्पताल आया था। डाक्टर ने सूरज को मरहम पट्टी कर पीजीआई रोहतक के लिए रैफ र कर दिया था। लेकिन कागजी कार्रवाई के दौरान उसकी भी अस्पताल में मौत हो गई। उसे पता चला की नीरज व सूरज की हैप्पी तौमर, गौरव उर्फ जलेबी, जोनी, गौतम, सन्नी बंजारा, गजनी, मोदा, कुलदीप, रणजीत, आर्यन उर्फ मोटा, अरूण व विकुल ने मिलकर तेजधार हथियार से वार कर हत्या की है। पुलिस ने मृतक नीरज के पिता विनोद की शिकायत पर थाना तहसील कैंप में नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या की विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

## गांव सिवाह में सप्तमी मेला एवं कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन

# हरियाणा प्रदेश खिलाड़ियों की ही नहीं भारतीय खेलों की भी जननी

समारोह के मुख्य अतिथि आर्य बाले भारती स्कूल के प्रधान रणदीप आर्य रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

जिला के गांव सिवाह में प्रदेश स्तरीय सप्तमी मेला एवं कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि आर्य बाले भारती स्कूल के प्रधान रणदीप आर्य रहे। प्रसिद्ध कोच सुभाष मोरखी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और जयदीप नम्बरदार ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस प्रतियोगिता में 51 हजार का एक, 21 हजार के तीन, 51 सौ के पांच, 21 सौ के दस और 11सौ के दस नकद पुरस्कार भी मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों को दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच सुनीता कादियान ने की। पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए आर्य बाल भारती के प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि हरियाणा प्रदेश खिलाडियों की ही नहीं भारतीय खेलों की भी जननी है। हरियाणा के हर गाँव में किसी न किसी खेल की उच्च कोटि की टीम हर हाल में मिलती है। उन्होंने कहा कि गाँव सिवाह में प्रति वर्ष सिवाह सप्तमी मेला एवं कुश्ती प्रतियोगिता का प्रदेश स्तरीय आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि खेलों से जहाँ तन मन स्वस्थ रहता है वही खिलाड़ियों में नेतृत्व की भावना भी जागृत होती है। यही नहीं आजकल उच्च कोटि के खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी राशि पुरस्कार के रूप में केंद्र व प्रदेश सरकारें दे रही हैं और योग्यता अनुसार नौकरियां भी देती हैं।



**प्रतियोगिता में 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया**

प्रतियोगिता में इस बार भी 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें से 29 खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि ने मौके पर ही पुरस्कृत किया। इस अवसर पर राजबीर कादियान, जयदीप आर्य, राजदीप सिंह, कुनाल कादियान, हुकम सिंह और महावीर सिंह भी मौजूद रहे।

# छात्राओं को बांटी साइकिल

- प्रधानाचार्य पूनम ने इस सहयोग के लिए रिफाइनरी के अधिकारियों का आभार प्रकट किया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कूताना में स्कूली छात्राओं को साइकिल वितरित की। मुख्य अतिथि चूरामन कार्यकारी निदेशक परियोजना थे तथा विवेक नारायन, महाप्रबंधक मानव संसाधन पीआरपीसी पूनम, प्रधानाचार्य परमजीत कौर, सरपंच एवं गाँव के अन्य गणमान्य व्यक्ति की उपस्थिती रही। चूरामन ने छात्राओं को मेहनत से पढ़ाई करके आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रधानाचार्य पूनम ने इस सहयोग के लिए रिफाइनरी के अधिकारियों का आभार प्रकट किया।



**पानीपत।** कूताना में छात्राओं को साइकिल वितरित करते रिफाइनरी के अधिकारी।



## आर्य कॉलेज में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आगाज

**पानीपत।** आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा आज यूथ फॉर मॉय भारत एवं यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी विषय पर 21 से 27 मार्च तक लगाए जा रहे सात दिवसीय आवासीय शिविर का शुभारम्भ आज हवन यज्ञ से हुआ। शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलन और स्वयंसेविका तमन्ना की सरस्वती वंदना से हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने शिविर की शुरुआत के लिए कॉलेज की एनएसएस इकाई के प्रभारी प्रो.विवेक गुप्ता व एनएसएस पीओ डॉ.मनीषा डुडेजा को बधाई दी एवं विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने बताया कि कैसे युवा राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल सिद्धांत को अपने जीवन में अपनाकर सफलता हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एनएसएस द्वारा आयोजित कार्यक्रमों से विद्यार्थियों का समग्र विकास होता है। इस तरह के शिविर से विद्यार्थियों में एकता, अनुशासन, सेवाभाव व भाईचारे की भावना का विकास होता है। डॉ.नेहा बंसल व अन्य स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

## 15 अप्रैल को पानीपत पहुंचेगा साइकिलों का काफिला

**पानीपत।** हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रमों की श्रृंखला में हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 5 अप्रैल को हिसार जिला से ड्रग फ्री हरियाणा के तहत एक साइकिल यात्रा नशा मुक्ति के नाम थीम पर आधारित साइक्लोथॉन-2.0 का आगाज किया जाएगा। मुख्यमंत्री के कर कमलों से हिसार जिला से शुरू होने वाली यह साइकिल यात्रा नशा मुक्त हरियाणा के सार्थक संदेश के साथ पानीपत जिला में मंगलवार, 15 अप्रैल को पहुंचेगी। साइक्लोथॉन-2.0 के जिला में प्रवेश करने पर जिला प्रशासन, जिलावासियों, सामाजिक संगठनों द्वारा भव्य स्वागत उत्साहवर्धन किया जाएगा।

# आधुनिकता में अधिकारी निभाए बेहतरीन भूमिका : डा.वीरेंद्र

- शिविर में पहुंची विभिन्न विभागों से जुड़ी 68 समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने आज जिला सचिवालय सभागार समाधान शिविर में अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अधिकारियों द्वारा लोगों की समस्याओं का मौके पर जिस गति से समाधान हो रहा है उससे आम जन का समाधान शिविर के प्रति हौंसला बढ़ा है। अधिकारियों के सही दिशा में किये जा है प्रयास से बड़ी मात्रा में लोगों को लाभ पहुंचा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि इस जनता समाधान शिविर के प्रति आम जन में करेज बनता जा रहा है। दूर-दराज के लोग भी अब समाधान शिविर में अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंच रहे हैं। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि समाधान शिविर में समस्याओं का समाधान कम से कम समय में हो। इसके लिए हमें और प्रयास करने की जरूरत है। समाधान शिविर में कुल 68 समस्याओं को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही कर समाधान करने के निर्देश दिए। इस मौके पर नगराधीश टिनू पोशवाल, बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता आदित्य कुण्डु, डीटीओ हजारा सिंह, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता कर्ण बहल, पशुपालन विभाग के एसडीओ श्री भगवान सिंह, आईटीआई के प्रधानाचार्य डॉ. के.के. सिंह, डीपीओ परमिन्द्र कौर, माईनिंग अधिकारी निरंजन सिंह, जिला कल्याण अधिकारी जयपान हुडा, आदि मौजूद रहे।



**पानीपत।** समाधान शिविर में जनता की परेशानियां सुनते डीसी डा.वीरेंद्र दहिया, एसपी लोकेंद्र सिंह व अन्य।

# बैंकों को 3 महीने में अपनी मूल बिल्डिंग में स्थांतरित होना होगा: डीसी डॉ. विरेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

जिला सचिवालय कांफ्रेंस हॉल में आज जिला स्तरीय समीक्षा कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि एनएचआई पर जो बैंक स्थित हैं उन्हें अपने मूल स्थान पर स्थानांतरित होना चाहिए। आगामी तीन महीने में जीटी रोड पर कोई भी बैंक नहीं होगा। यातायात के मध्य नजर एन.एच.ए.आई. के सर्विस रोड का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने सभी बैंकरों को को अपने अपने बैंकों में सुरक्षा के दृष्टिंगत सीसीटीवी कैमरे लगाने व पार्किंग के लिए पास बनवाने के भी निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने प्रशासन की और से सुरक्षा से संबंधित किसी भी तरह की जरूरत के लिए भी सुझाव मांगे। उपायुक्त ने इस त्रिमासिक बैठक से पूर्व की बैठक का ब्यौरा भी अधिकारियों से लिया व उनकी प्रगति रिपोर्ट भी जानी। बैठक में आरबीआई व नाबार्ड की गाईडलाईन पर भी चर्चा की गई व अधिकारियों को नई गाईड लाइन से भी अवगत करवाया। उपायुक्त ने डीसीपी/एसीपी की फाईनेंसल ईयर 2025-26 की अप्रूवल के बारे में भी जानकारी ली। इस मौके पर एलडीएम राजकुमार, पशु पालन विभाग के एसडीओ श्रीभगवान, एलडीओ कमल सिंह, डीडीएम अजीत कुमार के अलावा नाबार्ड अनूसूचित जाति विकास निगम, महिला विकास निगम, आरबीआई, एचएसआरएलएम, फसल बीमा निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे।



**पानीपत।** समीक्षा कमेटी की बैठक लेते हुए डीसी डा.वीरेंद्र दहिया। *फोटो : हरिभूमि*

# इंटर नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन

- फिजिक्स और कैमेस्ट्री वैज्ञानिक, नवाचारों की रीढ है : प्रो .एआर चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रसायन विभाग द्वारा आज इनोवेशन इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर विकसित भारत विषय पर चौथी दो दिवसीय इंटर नेशनल कांफ्रेंस का उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा व ग्रीन कैमेस्ट्री नेटवर्क सेंटर, हिंदू कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय, रॉयल सोयायटी ऑफ कैमेस्ट्री लंदन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कॉन्फ्रेंस में पहले दिन में लगभग 145 शोधार्थियों ने अपने शोध प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि डीन ऑफ स्टूडेंटस वेल्फेयर कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र से प्रो.एआर चौधरी रहे। जबकी अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला ने की। कॉलेज प्रबंधक समिति के सदस्यों व प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व कॉन्फ्रेंस आयोजक और रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.अनिल कुमार व अन्य स्टाफ सदस्यों को इस आयोजन के लिए बधाई दी। कॉन्फ्रेंस में डॉ.गीताजंली धवन, डॉ.बलकार सिंह, प्रो.शिखा गर्ग, प्रो. सुदेश, प्रो.अदीति मित्तल, प्राध्यापिका वंदना, लता, चित्रांश भटनागर, शशि रोहिला, अतुल त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।



**पानीपत।** आर्य कालेज में कार्यक्रम में पहुंचे अतिथि का स्वागत करते आयोजक।

## प्राध्यापकों और छात्राओं ने विकास एवं पंचायत मंत्री पंवार का किया धन्यवाद

# छात्राओं ने देखा हरियाणा विधान सभा का बजट सत्र

- छात्राओं को प्रत्यक्ष रूप से विधायी प्रक्रियाओं नीति निर्माण और शासन तंत्र को करीब से समझने का अवसर मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

राजकीय महिला महाविद्यालयए मडलौडा की राजनीति विज्ञान विभाग की स्नातकोत्तर की 23 छात्राओं ने गत दिवस हरियाणा विधानसभा सत्र की सजीवता का अनुभव लेने का मौका मिला। उनके साथ महाविद्यालय के 8 प्राध्यापकों को भी हरियाणा विधान सभा के बजट सत्र में भाग लेने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्राओं को प्रत्यक्ष रूप से विधायी प्रक्रियाओं नीति निर्माण और शासन तंत्र को करीब से समझने का अवसर मिला। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो.रामनिवास जांगम ने इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक यात्रा के लिए हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष एवं विधान सभा सचिवालय का आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि विशेष रूप सेए यह यात्रा हरियाणा सरकार में पंचायत एवं विकास तथा खनन मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार जी के विशेष प्रयासों और प्रेरणा से संभव हो पाई। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने छात्राओं और शिक्षकों के लिए न केवल लंच की विशेष व्यवस्था करवाईए बल्कि सायंकालीन चाय.जलपान एवं विदाई समारोह का भी आयोजन किया। इसके अतिरिक्तए छात्राओं एवं महिला प्राध्यापकों प्रत्येक को 500 की सम्मान राशि भी प्रदान की गई।



**पानीपत।** राजकीय महिला महाविद्यालय मडलौडा की छात्राओं के साथ हरियाणा विधान सभा का बजट सत्र देखने के दौरान मंत्री कृष्ण लाल पंवार। *फोटो : हरिभूमि*

**महिपाल ढांडा ने भी छात्राओं एवं शिक्षकों से भेंट की**

इस दौरान हरियाणा सरकार के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने भी छात्राओं एवं शिक्षकों से भेंट की और महाविद्यालय की एमएए राजनीति विज्ञान व एमए हिंदी की उच्च सफलता दर की सराहना की। उन्होंने महाविद्यालय के विकास हेतु हर संभव सहायता का आश्वासन दिया और प्रधानाचार्य प्रो. राम निवास जांगम के अनुरोध पर शीघ्र ही महाविद्यालय का दौरा करने की भी घोषणा की।

## खबर संक्षेप

### शिकायतें सुनकर किया समाधान

**अंबाला।** उपायुक्त कार्यालय मे शुक्रवार को समाधान शिविर आयोजित किया गया। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगों की समस्याओं को सुना और उन्होंने लोगों द्वारा प्राप्त होने वाली शिकायतों को अधिकारियों को मार्क करते हुए मौके पर ही उनका समाधान करवाया। उन्होंने सम्बंधित को निर्देश दिए कि आम नागरिकों द्वारा जिस भी विभाग से संबंधी जो भी शिकायतें प्राप्त होती है उनका वह प्राथमिकता के आधान पर समाधान करें।

### अंबाला में 20 अप्रैल को पहुंचेंगी साइकिल यात्रा

**अंबाला।** हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम की श्रृंखला में हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 5 अप्रैल को हिसार से ड्रग फ्री हरियाणा के तहत एक साइकिल यात्रा नशा मुक्ति के नाम थीम पर आधारित साईक्लोथोन - 2.0 का आगाज किया जाएगा। मुख्यमंत्री के कर कमलों से हिसार जिला से शुरू होने वाली यह साइकिल यात्रा नशा मुक्त हरियाणा के सार्थक संदेश के साथ अंबाला जिले में 20 अप्रैल दिन रविवार को प्रवेश करेगी। ओएसडी सीएम पंकज नैन ने इसको लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी गुरमीत सिंह को गिरफ्तार किया है। गांधी नगर के राहुल ने 19 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि कोर्ट कांप्लेक्स में उसके चैंबर से किसी आरोपी ने लैपटॉप चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। आरोपी से लैपटॉप जब्त कर लिया गया है।

### ताला तोड़कर जेवर चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी हरदीप सिंह उर्फ लक्की को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता महिला ने 27 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 20 फरवरी 2025 को गांव उदयपुर में स्थित उसके घर का ताला तोड़कर सोना-चांदी जेवरात व नकद राशि चोरी हो गई है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### कुल्लड़पुर में वाल्मीकि चौपाल का शिलान्यास

**नारायणगढ़।** गांव कुल्लड़पुर में शुक्रवार को पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने वाल्मीकि चौपाल का शिलान्यास किया। यह चौपाल न केवल सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी, बल्कि समाज के हर वर्ग को एकजुट करने में भी सहायक होगी। गांववासियों के मेल-जोल और सामूहिक आयोजनों के लिए यह स्थान विशेष रूप से उपयोगी साबित होगा। गांव के गणमान्य व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों की भारी उपस्थिति रही। शिलान्यास समारोह के दौरान डॉ. पवन सैनी ने भगवान वाल्मीकि को श्रद्धापूर्वक नमन करते चौपाल की नींव रखी। कहा कि चौपाल सभी वर्गों के लिए सशक्त मंच बनेगी जहां लोग एकत्रित हो सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर सकेंगे।

### 13 महीने से वीरान पड़े शंभू बॉर्डर पर अब वाहनों ने रफ्तार पकड़ी

# होलसेल कपड़ा मार्केट के 250 करोड़ डूबे अब बॉर्डर खुलने पर मार्केट में बंटी मिठाई

**आसपास के ढाबे व पेट्रोल पंप हो गए थे वीरान, कई दुकानें हुई बंद, आवाजाही शुरू होने से दुकानदारों को फिर बहार लौटने की उम्मीद, कई गांव के लोगों को भी मिली राहत, वाहनों की लंबी लाइनो से थे परेशान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

13 महीने से वीरान पड़े शंभू बॉर्डर पर अब वाहनों ने पूरी रफ्तार पकड़ दी। दोनों लेन पर अब वाहन तेजी से दौड़ रहे हैं। इससे पहले वाहन चालकों को 20 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता था। उधर कूड़े में तब्दील हुए किसानों के शैड़ व टेंट उठाने का काम भी शुरू हो गया है। इन शैड़ों को जेसीबी के जरिए पूरी तरह से कबाड़ में तब्दील कर दिया गया है। उधर शंभू बॉर्डर पर ट्रैफिक पूरी तरह से बहाल होने से कारोबारियों ने भी राहत की सांस ली है। खासकर अंबाला की होलसेल कपड़ा मार्केट के दुकानदारों ने बॉर्डर खुलने से मिठाई बांटकर जश्न मनाया। दूसरी ओर किसानों ने शुक्रवार को कार्रवाई के विरोध में पंजाब के सीएम भगवंत मान का पुतला आग के हवाले कर नारेबाजी की। आरोप है कि मान की साजिश के वजह से किसानों को शंभू बॉर्डर से हटाया गया।



### 500 करोड़ का हुआ नुकसान

शंभू बॉर्डर बंद होने का सबसे ज्यादा नुकसान अंबाला शहर की होलसेल कपड़ा मार्केट के दुकानदारों को हुआ। पूरे देश में कपड़े के लिए मशहूर इस मार्केट में पंजाब समेत कई राज्यों के कारोबारी व आम लोग खरीदारी के लिए आते हैं। 13 महीने से शंभू बॉर्डर बंद होने से पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर के कारोबारी यहां आना बंद हो गए थे। रास्ते बंद होने से कोई व्यापारी परेशान नहीं होना चाहता था। इसी वजह से पंजाब से आने वाले ग्राहकों ने भी अंबाला आना बंद कर दिया था। इससे होलसेल कपड़ा मार्केट को 500 करोड़ से ज्यादा का नुकसान होने की बात कही जा रही है। हालांकि बॉर्डर खुलने के बाद अब कारोबारियों को फिर से कपड़ा मार्केट में ग्राहकों की बहार आने की संभावना है। ज्यादातर कारोबारियों का कहना है कि नुकसान की भरपाई में बेहद समय लगेगा। शंभू बॉर्डर के बंद होने से आसपास के ढाबे व दुकानें भी बंद होने की कगार पर थी। यहां 75 फीसदी तक कारोबार खत्म हो चुका था।

### ग्रामीणों को भी मिली राहत

शंभू बॉर्डर बंद होने का नुकसान कई गांवों के ग्रामीणों को भी उठाना पड़ा। दरअसल बॉर्डर बंद होने से वाहन चालकों को अंबाला शहर के छोटी घेल, बड़ी घेल, निजामपुर समेत कई गांवों में होकर गुजरना पड़ता था। वाहनों की लंबी लाइनों के कारण इन गांवों के लोग बेहद परेशान थे। भारी वाहनों की वजह से गांवों की ज्यादातर सड़कें टूट गई। वाहनों की वजह से इन गांवों में पूरे दिन धूल मिट्टी उड़ती रहती थी। कई बार ग्रामीणों ने रास्ते तक जाम कर दिए थे। मगर बाद में मजबूरी में उन्हें फिर से रास्ते खोलने पड़े। बॉर्डर खुलने से अब इन गांवों से वाहनों की आवाजाही भी बंद हो गई। इससे ग्रामीणों को भी राहत मिली। वाहनों की वजह से गांवों में हादसे भी हो रहे थे।



### 75 प्रतिशत खत्म हो गया था

शंभू बॉर्डर बंद होने से आसपास के ग्रामीण भी बेरोजगार हो गए थे। यहां हलवाई की दुकान करने वाले देवी नगर के रघुबीर सिंह ने बताया कि बीते 13 महीने से शंभू सीमा बंद था। इसके कारण उनका काम 25 प्रतिशत रह गया है। यहां के रहने वाले रमेश कुमार ने बताया कि शंभू सीमा बंद होने के कारण गांव में वाहनों की आवाजाही अधिक होती थी। इसलिए रात के समय हादसों को खतरा रहता था। कई बार लोग चोटिल भी हो चुके हैं। पंजाब सीमा खुलने से उन्हें राहत मिलेगी। बाइक रिपेयर की दुकान चलाने वाले जीत कुमार ने बताया कि शंभू बॉर्डर बंद होने के कारण छोटे वाहनों का आवाजाही बंद हो गई थी। इस कारण उनका काम बहुत प्रभावित रहा। कई दिनों तक मजबूरी में उन्हें दुकान बंद भी रखनी पड़ी। अब उन्हें उम्मीद है कि उनका काम पहले की तरह चलेगा। यहां पेट्रोल पंप के प्रबंधक सुखबीर सिंह ने बताया कि शंभू बॉर्डर बंद होने के कारण उनका काम भी खत्म हो गया था। एक महीने में एक गाड़ी भी तेल की खपत नहीं हो पा रही थी। इस कारण उन्होंने पंप के कर्मचारियों में भी छंटनी कर दी। 14 कर्मचारियों में से अब सिर्फ तीन कर्मचारी ही पंप पर काम कर रहे हैं। घाटे की वजह से उसे खुद भी काम करना पड़ रहा था।

# ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर पच्चीस लाख का चूना लगाया

- पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया केस
- फ्लैट में बंधक बनाकर मारपीट करने का भी आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर धुराला गांव के रहने वाले युवक को आरोपियों ने 25 लाख रुपए का चूना लगा दिया। आरोपियों ने नकली वीजा और फर्जी दस्तावेज तैयार कर न केवल युवक को गुमराह किया बल्कि उसे बंधक बनाकर भी रखा। पीड़ित नवजोत सिंह की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नवजोत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी दोस्त संपत से मुलाकात हुई थी। संपत ने ऑस्ट्रेलिया भेजने के लिए नवजोत की बात अपने रिश्तेदार सुखदर्शन वासी गावं रछेड़ी से की थी। उसने अपने अन्य साथियों जग्गी कॉलोनी के उदित धीमान, जसविंद्र सिंह उर्फ बिल्ला वासी पंजोखरा और विकास वासी गांव परैल के साथ मिलकर उसे विश्वास में लिया।

उन्होंने बताया कि हम चारों पार्टनर मिलकर जीआरपी इमिग्रेशन नाम से सेंटर चलाते हैं। तब आरोपियों ने बताया कि उनका ऑफिस अंबाला शहर के बलदेव नगर मे हैं। वे छात्रों व अन्य को विदेश भेजने का काम करते हैं। शुरुआती बातचीत के बाद आरोपियों ने नवजोत से कुल 25 लाख रुपये मांगे जिसमें से 5 लाख रुपये नकद लिए गए और 20 लाख रुपये राधा कृष्ण ट्रेडिंग कंपनी अनाज मंडी तलहेड़ी गुजरान के माध्यम से नकद जमा करवाए गए। नवजोत को बताया गया कि उसका वीजा जल्द ही आ जाएगा। उसने बताया कि इसके बाद आरोपियों ने उसे बताया कि उसका वीजा आ गया है। वह जल्द दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे। यहां पहुंचने पर आरोपियों ने उसे बताया कि वीजा डिले हो गया है। इसमें अभी समय लगेगा। जिसके बाद उसे वापिस लौटना पड़ा।

### इमीग्रेशन एक्ट के तहत मामला दर्ज


आरोपियों ने नवजोत को बताया कि उसे फिजी होते हुए ऑस्ट्रेलिया भेजा जाएगा। जब नवजोत 15 मई 2024 को फिजी पहुंचा तो वहां के अधिकारियों ने उसकी टिकट को फर्जी करार देते हुए उसे हिरासत में ले लिया। यहां उसे एक दिन जेल में भी रखा गया। बाद में उसे भारत वापस भेज दिया गया। इसके लिए उसे स्वयं के पैसों से टिकट लेनी पड़ी। भारत लौटने के बाद भी आरोपियों ने उसे अपने फ्लैट में बंधक बनाकर रखा और बार-बार झूठे आश्वासन देते रहे। आरोपी समुद्र के रास्ते 10 लाख रूपए में विदेश भेजने की बात कहने लगे लेकिन तब उसने मना कर दिया। पीड़ति का आरोप है कि जब उसने आरोपियों से पैसे वापिस मांगे तो उसे जान से मारने की धमकियां देनी शुरू कर दी। अब पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 406, 420, 120-बी और 24 इमीग्रेशन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की मानें तो आरोपियों को जल्द ही काबू किया जाएगा।

# अवैध खनन में संलिप्त दो वाहन जब्त, प्रशासन हुआ और सख्त

- राज्य सरकार के निर्देश पर जांच टीम की ओर से लगातार की जा रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

खनन विभाग द्वारा गांव संगरानी के पास से गुजरने वाली रुण नदी में अवैध खनन के आरोप में एक जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर ट्रॉली को को जब्त किया है। खनन निरीक्षक सोनू कुमार ने बताया कि अवैध खनन को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है। खनन विभाग ने अवैध रूप से खनन एवं अवैध परिवहन में लगी एक जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकडक़र सीज किया है। यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध खनन को रोकने और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के लिए की गई है। बता दें कि सरकार के निर्देशानुसार उपमंडल में अवैध खनन पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए नियमित रूप से औचक निरीक्षण किया जा रहा है। माइनिंग विभाग, इंफोर्समेंट , पुलिस तथा आरटीए विभाग द्वारा लगातार निगरानी रखते नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। निरीक्षक सोनू कुमार ने बताया कि हरियाणा खनन एवं भू-विज्ञान विभाग के महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध खनन तथा खनिज परिवहन को लेकर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।



**नारायणगढ़।** जांच टीम द्वारा जब्त किए गए वाहन। *फोटो : हरिभूमि*

# पुलिस डीएवी स्कूल में शूटिंग रेंज स्थापित

- आईजी बोले-अब नेशनल व इंटरनेशनल स्तर पर आएंगे मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को नवनिर्मित शूटिंग रेंज का उद्घाटन आईजी अंबाला रेंज शिवास कविराज द्वारा किया गया। अवसर पर उन्होंने बताया कि शूटिंग एक ऐसा खेल है जिसमें सटीकता और एकाग्रता बेहद ज़रुरी है। फिर भी यह खेल मानसिक और शारीरिक रूप से काफी चुनौतीपूर्ण है। इसमें बहुत शारीरिक गतिविधियों की ज़रूरत होती है जो बाहर से दिखाई नहीं देती। पिछले कुछ सालों में ओलंपिक खेल की शूटिंग स्पर्धा में भारत काफ़ी सफल रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल के विद्यार्थी इस शूटिंग रेंज का पूरा लाभ उठाए और इस खेल में अपना प्रतिभा को निखारें । उन्होंने कहा कि इस खेल में आगे बढ़कर मेडल और ट्रॉफी जीतकर स्कूल का नाम नेशनल और इंटरनेशनल लेवल तक आगे बढ़ाएं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने बताया कि पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में शिक्षा, खेलकूद व अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का सदा से ही सामंजस्य स्थापित किया जाता है। ताकि विद्यार्थियों का चंहुमुखी विकास किया जा सके। इस विद्यालय में विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए उन्हें भरपूर अवसर प्रदान किए जाते हैं। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए स्कूल मे बच्चों के लिए शूटिंग रेंज के खेल को प्रारंभ किया गया है ताकि बच्चे इस खेल में भी आगे बढ़े और स्कूल का नाम रोशन करें।



**अंबाला।** शूटिंग रेंज में निशाना साधते आईजी शिवास कविराज। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

अवसर पर एसपी सुरिंद्र सिंह भौरिया , मनप्रीत सिंह ए एसपी कुरुक्षेत्र , डीएसपी रजत गुलिया तथा शूटिंग कोच अभिषेक राणा व गौरव सैनी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# समाजसेवा के कार्यों में भाग लेने का आह्वान

- संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स महाविद्यालय की ओर से आयोजित शिविर का समाप्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कैंप का समापन दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने वालंटियर्स को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक सेवा केवल सात दिनों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि इसे जीवनभर अपनाना चाहिए। उन्होंने छात्रों को आगे भी समाजसेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस ऑफिसर डॉ. पूजा बैरागी ने बताया कि कैंप के छठे दिन ब्रह्मकुमारी बहन सविता और बहन चेतना ने वालंटियर्स को शांतिपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा दी। इसके बाद वालंटियर्स ने झुग्गी-झोपड़ी के निवासियों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना और ब्रह्मकुमारी आश्रम का भ्रमण किया। समापन समारोह में एनएसएस वालंटियर्स को सात दिवसीय कैंप की गतिविधियों की वीडियो दिखाकर उनके प्रयासों की सराहना की गई। कार्यशाला की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसमें वालंटियर्स ने अपने अनुभव साझा किए।



**बराड़ा।** समापन पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेती प्रतिभागी। *फोटो : हरिभूमि*

### जसमीत बेस्ट वॉलंटियर

बैरागी ने वालंटियर्स के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से ही समाज के साथ जुड़ने का अवसर मिलता है। दौरान जसमीत कौर को बेस्ट वॉलंटियर घोषित किया गया जबकि एक्टिव वॉलंटियर्स का खिताब कोमल और चेष्टा को मिला। स्टेज होस्ट लवीना व बेस्ट फोटोग्राफर सिमरनजीत कौर को घोषित किया गया। जसविंद्र को मोस्ट डिसिप्लिन वॉलंटियर व राजनंदनी को उत्सुक पर्यवेक्षक घोषित किया गया।

# अपने से बड़ों का आदर करना चाहिए

- डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई ग्रेजूएशन सेरेमनी साथ में मनाया गया ग्रैंड पेरेंट्स डे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को जूनियर विंग के प्रांगण में कक्षा दूसरी का ग्रेजुएशन सेरेमनी कम ग्रैंड पेरेंट्स डे बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के छात्रों ने ग्रुप डांस परफॉरमेंस दी। ग्रैंड पेरेंट्स को अलग अलग गेम्स खिलाकर उनका मनोरंजन किया गया। ग्रैंड पेरेंट्स ने अपने ग्रेंड चिल्ड्रन के साथ अलग अलग गेम्स खेलकर अपना बचपन जिया। कक्षा दूसरी के छात्रों ने एक नाटक के जरिए यह संदेश दिया कि अपने बड़ों की सेवा करेंगे। उनके साथ रहेंगे। वृद्धाश्रम का रास्ता नहीं दिखाएंगे। इस नाटक को देखकर सभी उपस्थित गण भाव विभोर हो उठे। प्रधानाचार्य डॉ. आरआर सूरी द्वारा गेम्स विनर्स को अलग अलग उपहार देकर सम्मानित किया गया। बच्चों द्वारा स्कूल को वोट ऑफ़ थैंक्स दिया गया। अंत मे प्रधानाचार्य ने सभी ग्रैंड पेरेंट्स का धन्यवाद किया और छात्रों को संबोधित किया कि उन्हें अपने बड़ों का आदर करना चाहिए।



**अंबाला।** कार्यक्रम में हिस्सा लेते नन्हे छात्र। *फोटो : हरिभूमि*

# सूर्य नमस्कार करने से शरीर बनता है लचीला और मजबूत

## योग से व्यक्ति चिंता एवं तनाव मुक्त और मन रहता है शांत

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खानपुर ब्राह्मणा में प्रति दिन करवाया जा रहा योग एवं प्राणायाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

योग से व्यक्ति चिंता एवं तनाव मुक्त रहता है और मन शांत रहता है। योग के महत्व को जान कर स्कूलों में भी योग के बारे में न केवल बताया जा रहा है बल्कि योग एवं प्राणायाम करवाया भी जा रहा है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खानपुर ब्राह्मणा में प्रति दिन प्रार्थना सभा में प्रिंसिपल राम भगत के दिशा-निर्देशानुसार पीटीआई राजकुमार द्वारा स्टाफ व बच्चों से सूर्य नमस्कार, वृक्ष आसन, ताड़ आसन, उत्कटासन एवं कुर्सी आसन के साथ प्राणायाम भी करवाए जाते हैं। छात्रों के उनके स्वास्थ्य पर पडऩे वाले लाभ के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जाती है।

पीटीआई राजकुमार बताते है कि अगर हमें स्वस्थ रहना है तो हमें अपनी दिनचर्या में योग एवं प्राणायाम को शामिल करना होगा। उन्होंने कहा कि अकेले सूर्य नमस्कार में ही अलग-अलग प्रकार के आसन हो जाते है जोकि स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी हैं। सूर्य नमस्कार करने से कई तरह के फायदे होते हैं- यह शरीर को लचीला और मजबूत बनाता है। साथ ही, यह मानसिक शांति और आत्म-विश्वास भी बढ़ाता है। सूर्य नमस्कार से शरीर के सभी अंगों और मांसपेशियों की स्ट्रेचिंग होती है, यह मेटाबॉलिज़्म को बढ़ाता है।

### कार्यशाला में कैरियर को लेकर छात्रों को दी अहम जानकारी

# जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित करें

- विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं व कैरियर के लिए मेंटर की जरुरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी महाविद्यालय में के कैरियर गाइडेंस व प्लेसमेंट सैल द्वारा रोजगार के लिए अपने आपको उभारें विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन और उपप्राचार्य डॉ. आरएस परमार ने कार्यशाला में उपस्थित मुख्यअतिथि महिंद्रा एजूकेशनल के मुखिया सतवीर धीमान व एमेटी यूनिवर्सिटी से आई ज्योति ठुकराल को पौधा भेंट कर स्वागत किया। प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं, कैरियर के लिए मेंटर की आवश्यकता और अपनी स्किल को बढ़ाने पर विचार व्यक्त किए। कार्यशाला के संयोजक और कैरियर गाइडेंस व प्लेसमेंट सैल के इंचार्ज प्रोफेसर शांत कौशिक ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कहा। मुख्य वक्ता सतवीर धीमान ने विद्यार्थियों को विभिन्न सरकारी जॉब के बारे में योग्यता, आयु सीमा और पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। ज्योति ने विद्यार्थियों से संवाद कर रोजगार के अवसर जैसे डाटा एनालिस्ट, सेल्स मैनेजर,फिंटेक टेक्नोलॉजी, इंटरव्यू स्किल्स के बारे में जानकारी दी।




**अंबाला।** मुख्यअतिथि को पौधा देकर अभिनंदन करते कॉलेज प्राचार्य व मौजूद शिक्षक व छात्र। *फोटो : हरिभूमि*

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में राजीव शर्मा, कैरियर हंट इंडिया एमडी मोहित गुप्ता, रीजनल मैनेजर मिलिंद भारद्वाज, रीजनल मैनेजर तरुण खुराना, एरिया सेल्स मैनेजर अजय मित्तल, एमपी गुप्ता, प्रोफेसर डॉ. चांद सिंह, डॉ. रेखा शर्मा, प्रोफेसर मोनिका शर्मा, डॉ. राजीव राणा, प्रोफेसर क्यूट खरबंदा, प्रोफेसर नीरज, प्रोफेसर प्रियंका मलिक, डॉ. दर्शन लाल, डॉ. प्रियंका चौधरी, प्रोफेसर सिम्मी सभरवाल, डॉ. सुभाष शर्मा, डॉ. सुखदेव सिंह, प्रोफेसर राजीव कुमार, प्रोफेसर पूजा आनंद व प्रोफेसर रीटा मौजूद रही।